डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 – 2083 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 19 जून 2026

न्यूज गैलरी

कर्जी बिलों से बिक रही थी नशीली कफ सिरप, जांच पर उठे सवाल

भोपाल में कोडीनयुक्त कफ सिरप टोसैक्स न्यू की फर्जी बिलिंग कर अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। गीतांजलि चौराहा स्थित अविनिल मेडिकोज के डीएसटी नंबर पर बिना जानकारी के सैकड़ों बोतलों के बिल जारी किए गए। शिकायत के बाद जांच में निजामुद्दीन स्टोर्स और अन्य कारोबारियों के नाम सामने आए। कार्रवाई के नाम पर कुछ लाइसेंस 7 दिन के लिए निलंबित किए गए, लेकिन मुख्य संदिग्धों से पूछताछ नहीं हुई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि फार्मा हब्स और उसारे जुड़े कर्मचारियों की भूमिका पर जांच नहीं की गई जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शोम डिस्टिलरीज को बड़ा झटका, लाइसेंस आवेदन खारिज

भोपाल। राज्य शासन ने शोम डिस्टिलरीज समूह की बंद पड़ी डीमदी को दोबारा शुरू करने की उम्मीदों पर विराम लगा दिया है। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी का लाइसेंस नवीनीकरण आवेदन निरस्त कर दिया। जांच में पाया गया एथनॉलयुक्त सामग्री दावे संदिग्ध पाए गए। साथ ही बिना अनुमति 19 सिपरिट टैंक बनाने और फैक्ट्री संरचना में बदलाव का मामला भी सामने आया। आदेश में पूर्व के चार मजदूरी उल्लंघन का भी उल्लेख किया गया है, जिससे कंपनी की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

मजदूरों ने बकाया मजदूरी के लिए किया प्रदर्शन

भोपाल। भोपाल के मोती-बकानिया क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य कर रहे 27 मजदूरों ने बकाया मजदूरी नहीं मिलने को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि उनकी करीब 2 लाख रुपए मजदूरी एक महीने से रुकी हुई है। भुगतान नहीं होने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मामले की जांच उपायुक्त श्रम जेसलीन अली सिद्दीकी को सौंपी है।

बिना फिटनेस-परमिट चल रही स्कूल बस जब्त

भोपाल। भोपाल में स्कूल बसों की जांच के दौरान परिवहन विभाग ने सेंट थेरेसा स्कूल में संचालित एक बस जब्त की। जानकारी के अनुसार बस के पास वैध फिटनेस प्रमाणपत्र और आवश्यक परमिट नहीं था। बस की फिटनेस 28 मार्च 2026 को समाप्त हो चुकी थी, जिसका नवीनीकरण नहीं कराया गया। विभाग ने कहा कि स्कूल वाहनों की विशेष जांच जारी रहेगी और नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी।

बैतूल में, आध्यात्मिक जागरण द्वारा जनजातीय समाज का सशक्तिकरण में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा

जनजातीय समुदायों की जीवनशैली आध्यात्मिक मूल्यों के ही अनुरूप

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुलताई को बैतूल में आयोजित आध्यात्मिक जागरण द्वारा जनजातीय समाज का सशक्तिकरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज की तेज रफ्तार और उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रभावित दुनिया में समाज के हर वर्ग के लिए आध्यात्मिक शुद्धता बेहद जरूरी हो गई है। इसी आधार पर समानता पर आधारित नागरिक और मानव विश्व संरचनाओं के प्रति संवेदनशील जीवनशैली विकसित की जा सकती है, जो पहाड़ों में रहने वाले जनजातीय समुदायों की परंपराओं से भी जुड़ी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विकास और सांस्कृतिक उन्नति को आपस में टकराव के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता मूल्यों के बीच संतुलन की एक मजबूत और स्पष्ट समझ को सामने रखती है। वे दुनिया तनाव और संघर्षों से संघर्ष विकास चाहते हैं जो लगातार जटिल और मूल्यों से रहित होता जा रहा है और उसे विशेषी हुई है, ऐसे में आध्यात्मिक और नैतिक मजबूत प्रयास।

उन्होंने कहा कि २०४७ तक विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें अधिक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना होगा, जहां आध्यात्मिकता, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण समावेशी विकास के मुख्य आधार बने

कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा किया गया

सार्थक विकास वही है जो हमारी जड़ों और मूल्यों से शक्ति प्राप्त करे

द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते सुपेर्णी डॉ. यादव, साथ में राज्यपाल और विजयवर्गीय भी

ब्रह्माकुमारी संस्था जनजातीय समुदायों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण कार्य कर रही

विकास और पारंपरिक मूल्यों के बीच संतुलन होना चाहिए

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पारंपरिक जीवन मूल्यों को अनुसरण करने वाले जिलों में संतुलन बनाने के सम्बन्ध में किसी भी समाज के किसी भी वर्ग का सांस्कृतिक केवल आर्थिक विकास एक सीमित नहीं हो सकता। सच्चा सांस्कृतिक उन्नति है जो व्यक्ति मानसिकता, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों को एक साथ ले कर चलता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विकास और सांस्कृतिक उन्नति को टकराव के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता मूल्यों के बीच संतुलन की एक मजबूत और स्पष्ट समझ को सामने रखती है।

राष्ट्रपति का ओंकारेश्वर आगमन पर आत्मीय स्वागत

राष्ट्रपति मुर्मू के परिवार सहित ओंकारेश्वर में आगमन पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) तथा जनजाति कार्य मंत्री मनोविज्ञ लोधी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। जनजातीय कार्य एवं लोक परिवहन प्रधान सचिव डॉ कुमार विनय शाह, कलेक्टर ओंकारेश्वर पटेल, जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शेख पेज 4 पर

राष्ट्रपति का मप्र आगमन उत्साह–उमंग बढ़ाने वाला डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मध्यप्रदेश आगमन हम सबके लिए गर्व का विषय है। प्रदेश की आदिवासी राज्यपाल और लोकप्रिय सांसद आदिवासीबाई हाजरा की बेटी इतने में राष्ट्रपति का आत्मीय आगमन और अभिनंदन है।

नौकरी से निकाला तो नाराज युवक खंभे पर चढ़ा,... ढाई घंटे बाद उतारा

हाई–वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने युवक को समझाइश

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भोपाल के एमपी नगर क्षेत्र में गुरुवार की एक 42 वर्षीय युवक बिजली के खंभे पर चढ़कर हाईटेंशन लाइन के तारों पर झूलने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिजली कंपनी को लाइन चालू नहीं करने के निर्देश दिए। करीब ढाई घंटे तक राहतकर्मी के बीच युवक सुरक्षित नीचे उतर आया। बताया जा रहा है कि नौकरी से निकाले जाने से नाराज युवक अधिकारियों से मिलने हल्ला से भोपाल आया था।

बिजली मेंटेनेंस के कारण बच गई युवक की जान

एमपी नगर में हाईटेंशन लाइन पर चढ़े युवक की जान बिजली मेंटेनेंस के कारण बच गई। सुबह साढ़े 8 बजे ढाक भाग के सामने हाईटेंशन लाइन के तारों पर एक युवक को चढ़ते देख हड़कंप मच गया। युवक को देखने लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अपनी पेड़ तक अफवा–तरफी का माहौल बना रहा। गनीमत रही कि जिस राज्य युवक हाईटेंशन लाइन पर चढ़ा, उस वीरान सर्वाधिक हाईटेंशन लाइन पर मेंटेनेंस कार्य चल रहा था और बिजली सप्लाई बंद थी। यदि लाइन चालू होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

वह है पूरा मामला

युवक की पहचान हरदा निवासी अरुण कुमार (42) के रूप में हुई है। अरुण करीब 5 साल पहले तक हरदा पोस्ट ऑफिस में एक अस्थायी कर्मचारी था। एक आपराधिक केस दर्ज होने के बाद उसे नौकरी से हटा दिया गया था, तब से वह अपनी बहाली की कोशिश कर रहा था। वह गुरुवार सुबह हरदा से भोपाल पहुंचा और एमपी नगर स्थित पोस्ट ऑफिस गया था। सुबह करीब 10 बजे उसने परिवार अधिकारियों से मिलकर नौकरी पर वापस रखने की गुहार लगानी चाही। जब अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो पाई तो उसने सीधे बिजली के खंभे का रुख कर लिया।

बिजली मेंटेनेंस के कारण बच गई युवक की जान

एमपी नगर में हाईटेंशन लाइन पर चढ़े युवक की जान बिजली मेंटेनेंस के कारण बच गई। सुबह साढ़े 8 बजे ढाक भाग के सामने हाईटेंशन लाइन के तारों पर एक युवक को चढ़ते देख हड़कंप मच गया। युवक को देखने लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अपनी पेड़ तक अफवा–तरफी का माहौल बना रहा। गनीमत रही कि जिस राज्य युवक हाईटेंशन लाइन पर चढ़ा, उस वीरान सर्वाधिक हाईटेंशन लाइन पर मेंटेनेंस कार्य चल रहा था और बिजली सप्लाई बंद थी। यदि लाइन चालू होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

वह है पूरा मामला

युवक की पहचान हरदा निवासी अरुण कुमार (42) के रूप में हुई है। अरुण करीब 5 साल पहले तक हरदा पोस्ट ऑफिस में एक अस्थायी कर्मचारी था। एक आपराधिक केस दर्ज होने के बाद उसे नौकरी से हटा दिया गया था, तब से वह अपनी बहाली की कोशिश कर रहा था। वह गुरुवार सुबह हरदा से भोपाल पहुंचा और एमपी नगर स्थित पोस्ट ऑफिस गया था। सुबह करीब 10 बजे उसने परिवार अधिकारियों से मिलकर नौकरी पर वापस रखने की गुहार लगानी चाही। जब अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो पाई तो उसने सीधे बिजली के खंभे का रुख कर लिया।

रिमांड पर महिला अटल आवास योजना में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर 1.80 लाख रुपए ठगे डीएसपी पर चोरी का आरोप लगाने वाली ठगी में गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

कार्यवाहक डीएसपी कल्पना खुल्लरी पर लोकायुक्त और 2 लाख रुपए गायदी चोरी का आरोप लगाने वाली प्रवीण तर्क प्रमिला तिवारी को टीटी नगर पुलिस ने ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे 29 जून तक रिमांड पर लिया है। आरोप है कि उसने टीटी नगर स्थित अटल आवास योजना में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 1.80 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस को आशंका है कि उसने इसी तरह अन्य लोगों से भी रकम ठगी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी सुल्तानाबाद निवासी 32 वर्षीय प्रतीक शोनी की पहचान करीब तीन साल पहले नगर निगम कार्यालय में प्रमिला तर्क प्रमिला तिवारी से हुई थी। बाद में प्रमिला ने उसे फोन कर अटल आवास योजना में फ्लैट दिलाने का प्रस्ताव दिया। शोनी फ्लैट दिलाने के बाद उसने प्रतीक से 1.80 लाख रुपए नकद और 30 हजार रुपए फोन–पे के जरिए ले लिए और फर्जी रसीद भी दी।

डीएसपी पर लगाए थे आरोप

शिकायत में 24 सितंबर को पीड़ितपक्ष ने पत्रकार कार्यवाहक डीएसपी कल्पना खुल्लरी पर मोबाइल फोन और 2 लाख रुपए चोरी करने का आरोप लगाया था। जांच में पाया गया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रमुबाई के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। एफआईआर के बाद उनका लिखित भी बन लिया गया था।

मुआवजे के लिए अड़ी महिला, मौखिक निर्देश पर नहीं मानी तो मुख्यमंत्री ने आवेदन पर ही लिख दिया ऑर्डर

डीआर संवाददाता ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर दौरे के दौरान शिक्षा, जल संरक्षण, विकास और कार्यदेशी और सेक्टर से जुड़े प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। एक ओर उन्होंने सरकारी स्कूल में छात्राओं के बीच पहुंचकर से शिक्षक की तरह संवाद किया, वहीं दूसरी ओर निर्माणाधीन आईटी पार्क–3 का दौरा कर प्रदेश को देश का बड़ा आईटी हब बनाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश बावड़ी तो संरक्षण और की बावड़ियों के जीर्णोद्धार पर विशेष जोर दिया इससे चलते मुख्यमंत्री ने ग्रामपंचायत निवास शासकीय स्कूल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने छात्राओं से हम अभियान के तहत आधुनिक लगातार प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास और विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया। छात्राओं ने उन्हें वृक्षारोपण, वह–नाड़ी की ट्रैकिंग प्रणाली, रॉकेट और सौरऊर्जा मॉडल की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से उनके सपनों के बारे में पूछा, तो किसी ने इंजीनियर तो किसी ने आईएएस अधिकारी बनने की इच्छा जताई। एक गरीब–परिवार या मजदूर परिवार की छात्रा ने जब नर्स बनकर मरीजों की सेवा करने की बात कही, तो मुख्यमंत्री ने मुस्कुराकर पीठ

महिला बोली– मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए तोड़े जा रहे 16 मकान

मुख्यमंत्री जब शासकीय शासकीय कन्या विद्यालय पहुंचे, तो पीलिया वार्ड की एक महिला रोते हुए अपनी व्यथा लेकर उनके सामने आ गई। महिला ने बताया, वहां तीन बहनें हैं। मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए पीलिया वार्ड के 16 मकान तोड़े जा रहे हैं। बाकी सभी को मुआवजा मिल गया, लेकिन हमें नहीं मिला। एसडीएम का कहना है कि बेटियों को मुआवजा नहीं दिया जा सकता।

पटवारियों के तबादलों में बड़ा खेल, 24 घंटे में 24 नाम सूची से गायब

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

कलेक्टर कार्यालय ने 15 जून को 46 पटवारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए थे, जिनमें कई ऐसे कर्मचारी शामिल थे जो 5 से 8 वर्षों से एक ही तहसील में कार्यरत थे। हालांकि, महज 24 घंटे बाद 16 जून की रात संशोधित सूची जारी कर 24 पटवारियों के नाम हटा दिए गए, जिससे उनके तबादले निरस्त हो गए।

बताया जा रहा है कि हुजूर और फंदाना क्षेत्र के कई पटवारियों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सूची से नाम हटवा लिए। हटाए गए नामों में कुछ ऐसे पटवारी भी शामिल हैं, जिनका नाम पहले रिश्वतखोरी से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है। खास बात यह है कि मूल आदेश प्रशासनिक आधार पर जारी किया गया था, लेकिन संशोधित सूची में पूरे मामले पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार तबादलों में किए गए इस बदलाव की आशंकाएं प्रभारी मंत्री को भी नहीं थी गई।

जीतू पटवारी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, आदिवासियों से जुड़ी 10 समस्याएं बताई

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गए दौरे के बीच नेता प्रतिपक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें पत्र लिखकर प्रदेश के आदिवासी समाज की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 1.53 करोड़ आदिवासी आबादी वाले इस राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में विकास की स्थिति बेहद निराशाजनक है। पटवारी ने शिक्षा बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, बेरोजगारी, पलायन, बढ़ती महंगाई, कमजोर संचार और अवैध रेती खुदाई को उठाते हुए राज्य सरकार को निर्देशित करने का आग्रह किया है। कांग्रेस ने प्रदेश में लाड़ली बहना योजना लागू करने, रिक्त पदों को भरने और पेसा कानून के वास्तविक क्रियान्वयन सहित 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं।

विभिन्नता बोले– गुरुवा युगाग अधिकारी और राम मंदिर ट्रस्ट की भूमिका स्पष्ट हो

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में गड़बड़ी को चोरी के कारनों के बीच मुख्य चुनाव अधिकृत (सीईओ) प्रभोग सुनार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मोबाइल से सोशलमीडिया वीडियो पर सरकार को लोकतंत्र बचाने का आरोप लगाया है। विपक्ष ने सवाल किया है कि मुख्य चुनाव अधिकृत तक तो विशेष शिक्षा–स्वास्थ्य आवास योजना लागू करने, रिक्त पदों को भरने और पेसा कानून के वास्तविक क्रियान्वयन सहित 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं।

विभिन्नता बोले– गुरुवा युगाग अधिकारी और राम मंदिर ट्रस्ट की भूमिका स्पष्ट हो

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में गड़बड़ी को चोरी के कारनों के बीच मुख्य चुनाव अधिकृत (सीईओ) प्रभोग सुनार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मोबाइल से सोशलमीडिया वीडियो पर सरकार को लोकतंत्र बचाने का आरोप लगाया है। विपक्ष ने सवाल किया है कि मुख्य चुनाव अधिकृत तक तो विशेष शिक्षा–स्वास्थ्य आवास योजना लागू करने, रिक्त पदों को भरने और पेसा कानून के वास्तविक क्रियान्वयन सहित 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं।

अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 2.86 करोड़ की संपत्ति जब्त

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने जून माह में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान चलाते हुए अब तक 2 करोड़ 86 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की है। जब्त संपत्ति में अवैध शराब, वाहन और अन्य सामग्री शामिल है।

सबसे बड़ी कार्रवाई इंदौर जिले में हुई, जहां पुलिस ने 176 रेटियों से अधिक अवैध शराब और वाहनों सहित करीब 47.71 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की। इंदौर और इंदौर कमीश्नर पुलिस ने 37.51 लाख रुपए, उपायोग खरगोन पुलिस ने 28.86 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब और वाहन जब्त किए। नागर में 26.60 लाख और पन्ना में 22.50 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई इसके अलावा बड़वानी, छिंदवाड़ा, झाबुआ, नरसिंहपुर, सिवनी, विदिशा, उज्जैन, सिंह, जबलपुर, नर्मदापुरम, खंडवा, मुरैना और आगर मालवा सहित कई जिलों में भी लगातार कार्रवाई की गई। विदिशा के हमलावर क्षेत्र में पुलिस ने 8.00 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब और वाहन जब्त की।

सीएम की समीक्षा विज्ञान-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश परियोजनाओं पर हो तेज अमल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव

म.प्र. में टेक सेक्टर में आया 12,500 करोड़ रु. का निवेश, 50 हजार नये रोजगार सृजित

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी भविष्य में अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। मध्यप्रदेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हमें नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा देकर प्रदेश को ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का सशक्त केंद्र बनाना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गुजरात की तर्ज पर मध्यप्रदेश (राजधानी क्षेत्र भोपाल) में भी विशेष सिटी बनाने के लिए ठोस प्रयास करें। उन्होंने कहा कि उज्जैन में मेडी सिटी, रतलाम सिटी और इंजीनियरिंग कॉलेज बन रहे हैं। उज्जैन में ही मेडिकल, साइंस और टेक्नोलजी एजुकेशन के एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना की जाए। इसको लिए केंद्र सरकार से भी सम्पर्क किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समाज भवन मुख्यमंत्री निवास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए नियत सरकारें पर विशेष बल दिया। उन्होंने विभाग द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रमुख निवेश (लीड इन्वेस्टमेंट) आकर्षित करने के लिए तैयार की गई विशेष कार्य योजना की समीक्षा की तथा इसे सम्मलद्ध रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में होने वाला निवेश न केवल औद्योगिक विकास को गति देगा, बल्कि रोजगार सृजन, अनुसंधान, स्टार्ट–अप संस्कृति और तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से नवाचार आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता देने तथा निवेशकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्रगति रिपोर्ट तथा आगामी कार्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल रोड पर धूप से बचने बच्चों ने सिर पर डाला दुपट्टा

35 जिलों में आंधी–बौछारें, पारा 8 डिग्री तक उछला

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी प्री–मानसून गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं।

गुरुवार को सार जिले के पौषनगर में तेज बारिश हुई। 24 घंटे के दौरान 35 जिलों में आंधी और बारिश दर्ज की गई। कई इलाकों में तेज हवाएं चलीं, जबकि विदिशा, बुरहानपुर और श्योपुर में धूल भरी आंधी का असर देखने को मिला। इधर, गुरुवार को कुछ जिलों में गर्मी का पारा तेजी से बढ़ा। बैतूल में सर्वाधिक 7.7 डिग्री की बढ़त रही। भोपाल में 2.2 डिग्री बढ़कर 37 डिग्री रहा।

यहां चली आंधी, आज पड़ेंगी कुछ जगह बौछारें

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शिवपुरी, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, नीमच, उज्जैन, आगर–मालवा, झाबुआ, श्योपुर, बड़वानी, इंदौर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, उमरिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और सागर सहित करीब 35 जिलों में बारिश और आंधी का दौर रहा।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | ज्येष्ठ कृष्ण पक्षा 05 – 2083 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 19 जून 2026

न्यूज गैलरी

जिले में मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव दिवस

सीहोर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के सागरद्वीपर हुगली में आयोजित कार्यक्रम में किसानों से सीधे में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23 वी किस्त अंतरित करेंगे। इस अवसर पर जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेवार में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। किसान वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक https://meity.gov.in/ के माध्यम से कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकते हैं।

कृषक कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन

सीहोर। जिले में जल कल्याण अभियान के तहत 18 से 21 जून तक प्राकृतिक खेती विषयक कृषक कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम इछावर, सीहोर और गैरतगंज में होंगे। कृषि वैज्ञानिक किसानों को प्राकृतिक खेती, पानी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण और कृषि नवाचारों की जानकारी देंगे। कलेक्टर बालमुरुगन के ने अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

सीहोर। जिले में 21 जून को बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "स्वस्थ समाज के लिए योग" थीम पर मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज रतनगंज में सुबह 6 बजे आयोजित होगा। जिलेभर के स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और विभिन्न संस्थानों में सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस कर्मियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बिजली कंपनी ने करंट दुर्घटनाओं से बचाव की अपील की

सीहोर। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने लोगों, व्यापारियों और केसीसी से हाईटेंशन लाइनों तथा ट्रांसफार्मरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। कंपनी ने चेतावनी दी है कि बिजली उपकरणों से छेड़छाड़, ढीली वायरिंग और बारिश के दौरान लापरवाही गंभीर हादसों का कारण बन सकती है। उपभोक्ताओं से खराब तारों की सूचना 1912 हेल्पलाइन पर देने तथा प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की मदद लेने की सलाह दी गई है।

अवैध कॉलोनी 35 एकड़ में फैली 12 अवैध कॉलोनियां प्रशासन के निशाने पर

जेसीबी खराब होने से थमी कार्रवाई, आज फिर चलेगा बुलडोजर

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर में तेजी से विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई दूसरे दिन तकनीकी कारणों से टल गई। जेसीबी मशीन खराब होने के कारण गुरुवार को प्रस्तावित अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चल सका, लेकिन प्रशासन ने शुक्रवार को कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए हैं। नगर में पिछले एक वर्ष के दौरान चिन्हित की गई 12 अवैध कॉलोनियां अब प्रशासन के निशाने पर हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल करीब 35 एकड़ बताया जा रहा है।

कलेक्टर को प्रशासन ने चार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की थी, जबकि शेष कॉलोनियों पर कार्रवाई अभी बाकी है। इनमें गणेश मंदिर के पीछे, गंजी थाना क्षेत्र और मुरली इलाके में विकसित की गई कई कॉलोनियां प्रमुख हैं। कई स्थानों पर प्लॉटों की बुकिंग भी हो चुकी है, जिससे खरीदारों की चिंता बढ़ गई है।

शहर में अवैध कॉलोनियों का विस्तार लगातार जारी है। सवाल यह है कि कॉलोनियां विकसित होने, सड़कें बनने, हायवाल खुलने और रजिस्ट्री तैयार होने तक जिम्मेदार विभाग कार्रवाई क्यों नहीं करते। शेरशाही का मानना है कि यदि सुरुआती स्तर पर ही रोकथाम हो जाए तो ऐसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

प्रशासनिक रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2018 में कराए गए सर्वे में जिले में 161 अवैध कॉलोनियां चिन्हित हुई थीं, जिनमें अकेले सीहोर शहर की 71 कॉलोनियां शामिल थीं। बाद में चार कॉलोनियां सूची से हटने के बाद भी 67 कॉलोनियां अवैध श्रेणी में बनी रहीं। यदि इनके वैधीकरण की प्रक्रिया पूरी हो जाती तो करीब 25 हजार से अधिक लोगों को मालकाना सुविधाओं का लाभ मिल सकता था, लेकिन आज भी कई कॉलोनियों के सड़कों समस्याओं से जूझ रहे हैं।

नियमों के अनुसार किसी भी कॉलोनी के विकास के लिए कॉलोनाइजर का फीजिबिलटी, रेरा रजिस्ट्रेशन, भूमि का वैध डायवर्सन परिवर्तन और स्वीकृत ले–आउट अनिवार्य होता है। इसके बावजूद बिना अनुमति प्लॉटिंग का कारोबार लगातार फल–फूल रहा है। प्रशासन का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। तय नियमों के अनुसार की कार्रवाई पर टिकी है, जहां तक कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर सख्त संदेश देने की तैयारी की जा रही है।

रास्ते के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, बुजुर्ग महिला को घसीटने का वीडियो वायरल

प्राइवेट से खरीदने पड़ रहे इंजेक्शन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर शहर में गणेश मंदिर के पास गुरुवार दोपहर रास्ते को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमीन के एक छोटे से टुकड़े और रास्ते के अधिकार को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी–डंडे और लात–घूंसों से एक–दूसरे पर हमला करने लगे। घटना में कई लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर संघर्ष होता दिखाई दे रहा है। वीडियो में मुख्य लोगों को जमीन पर गिराकर पीटते और घसीटते हुए देखा जा सकता है। सबसे विचलनकारी दृश्य एक बुजुर्ग महिला के साथ दुर्व्यवहार का है, जिसे विवाद के दौरान घसीटा गया। महिलाएं अस्पताल पीड़ित–मुखर तस्वीरें रही, लेकिन झगड़ा लंबे समय तक चलता रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन अधिकांश लोग विवाद रोकने के बजाय मोबाइल फोन से वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। वीडियो में एक कृषक भी जमीन पर बेसुध अवस्था में पड़ा दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस के मौके पर पहुंचने या किसी कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो सकी थी। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

खुली नाली में गिरा बाइक सवार, निर्माण कार्य में लापरवाही पर उठे सवाल

इछावर। किनकिलनगर चौक पर गुरुवार को एक बाइक सवार सड़क किनारे निर्माणाधीन खुली नाली में गिर गया। हादसे में युवक को गंभीर चोटें नहीं आईं, लेकिन घटना ने निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर कर दिया है। मुर्गिटला के बाद बाइक नाली में पड़े मलबे और लोहे के सरियों के बीच बुरी तरह फंस गई, जिसे बाहर निकालने के लिए राहगीरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने आनुसार सड़क किनारे बनाई जा रही यह नाली लंबे समय से बिना डिस्कंटिन्यू, चेतावनी संकेत या सुरक्षा व्यवस्था के खुली पड़ी हुई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई छोटे–बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठाया।घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने भारी नाराजगी है। उनका आरोप है कि शिकायतों के बाद भी संबंध सड़क के पास चल रहे निर्माण कार्य में सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें

डीआर संवाददाता»सीहोर

राजपूत समाज धर्मशाला और राम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार सुबह महाराणा प्रताप जयंती मनाई। इस मौके पर वाहन रैली निकाली गई। रैली का समापन बस स्टैंड स्थित गीता भवन भवन पर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉर्पोरेट सिंह सिसोदिया ने की। मुख्य अतिथि विधायक सिंह रहे। ट्रस्ट के महामंत्री शशिसिंह चौहान ने सुल्ता की क्रांतिकारी स्वरूप भेंट की।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। उनका आदर्श अपनाने की अपील की। सत्यम योगासिंह लहरा ने भीलराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। डॉक्टर गोविंद सिंह सिसोदिया ने राम मंदिर ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। दिग्विजय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सभी समाज को सम्मान दिया। सभी को साथ लेकर चले।

सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं के प्रभावी संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति बैठक आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित गर्भ समापन (MTP) सेवाएं उपलब्ध कराने तथा एमटीपी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं निगरानी संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

सीएमएचओ डॉ लुवीर कुमार डेलरिया ने बताया की बैठक में सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं की वर्तमान स्थिति की

समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक दवाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही एमटीपी एवं एबोर्शन की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन उपलब्धता की समीक्षा की गई तथा सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

बैठक में गर्भ समापन उपरांत परिवार कल्याण सेवाओं एवं आवश्यक जांच सुविधाओं की उपलब्धता, एम–आईपीएस में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण डेटा प्रविष्टि, सीएसी सेवाएं प्रदान करने में आने वाली चुनौतियों एवं उनके निवारण हेतु कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिलाओं को सुरक्षित, गोपनीय एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन किया जाए। बैठक में स्टेट कॉर्डिनेटर श्री विनोद कुलकर्णी सहित जिला स्तरीय समिति के सदस्य, संबंधित विभागीय अधिकारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने किसानों और महंगाई के मुद्दे उठाए

डीआर संवाददाता»सीहोर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सोहागपुर के समीप ग्राम ढाबा बोलवाड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों और कार्मिकों को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसान और आम नागरिक दोनों तिहिमिल समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों को एमएसपी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जबकि खाद, बीज, डीजल और अन्य कृषि सामग्री की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है।दिग्विजय सिंह ने कहा कि पहली महंगाई ने आम लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है और बेरोजगारी भी गंभीर चुनौती बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने उपचुनाव से किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास उठाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय कार्मिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मकान के अंदर घुसकर 11 लाख रुपए के आभूषण चुरा ले गए

डीआर संवाददाता»बुधवार

एक बार फिर चोरी ने नगर के व्यवस्थम क्षेत्र सरस्वतीपुरा में एक आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माता के घर को निशाना बनाया। चोर घर की छत के दरवाजे से अंदर पहुंचे और 11 लाख रुपए के सोने–चांदी आभूषण चुराकर भाग निकले। अलमारी में रखे लगभग 11 तोला सोना और 1 किलो चांदी चोर चुरा ले गए। सुबह जब मालिक की नींद खुली तो देखा कमरे में पूरा सामान उथल पथल है। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी की तलाश शुरू कर दी है।लगभग में चोरों ने फिर से ऐसे घर को निशाना बनाया जो व्यवस्थम क्षेत्र में है। लोहनुपुरा में कोवी

फार्मा आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माता के घर पर चोरी ने पहले बोलवाड़ लगभग 11 लाख रुपए के आभूषण चुरा लिए। मंगलवार को कोवी फार्मा कंपनी के संचालक राजेश श्रीवास्तव ने रात 11 बजे अपने पुरुष गेट पर ताला लगाया और सो गए।जब सुबह गेट खुली तो देखा कि दूसरे कमरे में रखी अलमारी के ताले टूटे हुए हैं। इनमें रखे सोने के जेवर जिनकी कीमत लगभग 11 लाख रुपए बताई गई है, वह गायब थे। अलमारी में रखी नगद राशि भी नहीं थी। कमरे का पूरा सामान अस्त व्यस्त था।

चोर छत के रास्ते से आए और वहीं से चले गए

जानकारी अनुसार चोर छत के दरवाजे से घर के अंदर घुसे और किट कमरे तक पहुंचे। वहां पर रखी जेलरी पर हाथ साफ कर छत के रास्ते से ही वापस लौट गए। पुलिस ने राजेश श्रीवास्तव को रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

भागवत कथा सनातनी दिखना तो सभी चाह रहे पर बन नहीं रहे»श्री देवकीनंदन ठाकुर

रुद्राक्ष किंगस्टन, बावड़िया कला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिन

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने बावड़िया कला के रुद्राक्ष किंगस्टन फॉरेस्ट में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कहा कि हिंदू दिखो मत, हिंदू बनो। सनातनी दिखो मत, सनातनी बनो। दुख की बात यही है कि लोग सनातनी दिखना तो चाह रहे पर बन नहीं रहे। सनातनी बनने के लिए बहुत त्याग और तप करना पड़ता है। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज का स्वागत सम्मान किया।

महाराज देवकीनंदन ने बच्चों व युवाओं को संदेश दिया कि माता–पिता का अपमान कभी मत करो। तमाम दुआ पूजा करने मंदिर तो जाते हैं पर माता–पिता का सम्मान नहीं करते। जो बड़ों का सम्मान नहीं करते उन्हें जो प्राप्त होना होता है, वह भी छिन जाता है। रुद्राक्ष किंगस्टन डेवलपर्स रुद्राक्ष किंगस्टन के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन महाराज जी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनोहारी वर्णन किया। भगवान जन्म के प्रसंग के दौरान महाराज जी की वाह फलों लगे के आनंद भरो जय कन्हैया लाल की... श्याम सखे कहे छोटे नगर रेशा पर श्रोता पागलों होकर नाचते थे। श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन पर लोग आनंदित हो उठे। जसुदेव जी, नंद बाबा और यशोदा मैया की भी जीवंत झांकी के दर्शन किए। रुपमान देवेश पांचाल और संगीता चौकसे नंद बाबा और यशोदा मैया के स्वरूप में दिखे। प्रभु के जन्म के खुशी में उपहार लुटाए।

श्रीमद् भागवत कथा सुनने दूरदूर जिलाजात समेहार शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने कथा के आयोजक और यजमान शालिकाम डेवलपर्स के रोहणजी देवेश चौकसे और उनके परिवार के मार्गदर्शन की सराही की। प्रहलाद चरित्र के वर्णन के दौरान महाराज जी ने कहा कि भगवान से मांगना है तो भक्ति मांगे। भक्ति छोड़ आजकल लोग जादू, टोना, टोटका की तरफ बढ़ रहे हैं। जबकि इनका प्रभाव दो–चार दिन से अधिक नहीं होता। इसलिए सच्चे भाव बनकर अपने भगवान से निष्ठा रखें और भक्ति मार्ग पर चलें।

देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने कहा कि अपने मुंह से कभी अपनी प्रशंसा न करें। प्रशंसा यह है जो लोग और करें। हमें ऐसा कर्म करना चाहिए जिससे दूसरे प्रशंसा करें। आपका कर्म ही आपको सम्मानीय और आदरणीय बनाता है। सचिन तेंदुलकर कभी खुद अपनी तारीफ नहीं करते थे, उनके बल्ले से निकलने वाले शानदार शॉट्स ही उनकी प्रशंसा का पात्र बनाते थे। महाराज जी ने युवाओं से निवेदन किया कि वह फिल्मों के प्रेम से ना चलें। यदि प्रेम करना है, तो ठाकुर जी से करें।

रेत से भरे ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने गांव में रोका, अवैध परिवहन

डीआर संवाददाता»गैरतगंज।

सीहोर जिले के रहीमगंज–लोधड़ी गांव में गुरुवार को ग्रामीणों ने रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉलियों को रोककर अवैध रेत परिवहन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से बिना किसी रोक–टोक के रेत से भरे वाहन गांव के अंदरूनी रास्तों से गुजर रहे हैं, जिससे बच्चों और आम लोगों की जान को खतरा बना रहता है। कई बार समझाने और रोकने के बावजूद चालक गांव के रास्तों का उपयोग करते रहे।

ग्रामीणों का आक्रोश हाल ही में हुए एक हादसे के बाद और बढ़ गया। कुछ दिन पहले एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दुकान में जा घुसी थी। उस समय दुकान में मौजूद एक बच्ची को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया था।

ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए एक चालक ने कैमरे के सामने स्वीकार किया कि उसके पास रेत परिवहन की कोई वैध रॉयल्टी नहीं है और न ही ड्राइविंग लाइसेंस है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 - 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 19 जून 2026

न्यूज गैलरी

नैनो डीएपी अपनाने की किसानों से अपील

सीहोर। कृषि विभाग ने खरीफ सीजन में किसानों से नैनो डीएपी के उपयोग की अपील की है। विभाग के अनुसार नैनो डीएपी से बीज उपचार और छिड़काव करने पर पौधों की वृद्धि, जड़ विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। डीएपी की संपत्तिक कमी को देखते हुए किसानों को एनपीके, एसएसपी और अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की सलाह भी दी गई है, जिससे फसलों को आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें।

पर्याप्त बारिश के बाद ही करें खरीफ फसलों की बुवाई

सीहोर। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि मानसून आने और पर्याप्त नमी बनने के बाद ही सोयाबीन, अरहर, उड़द और मक्का जैसी खरीफ फसलों की बुवाई करें। बीज का अंकुरण परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और बीजोपचार अपनाने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए बीबीएफ और जिरो-फ्रो जैसी आधुनिक बुवाई पद्धतियों को अपनाने पर भी जोर दिया है।

साइबर ठगी से सावधान रहने की एडवायजरी जारी

सीहोर। कृषि अभियांत्रिकी विभाग ने किसानों को योजनाओं के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से सावधान रहने की सलाह दी है। विभाग ने बताया कि कुछ लोग खुद को अधिकारी बताकर फर्जवाड़ा सेंटर खोलना का लाभ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। किसानों से कहा गया है कि वे संदिग्ध कॉल या मोबाइल मैसेजों पर भरोसा न करें और किसी भी साइबर अपराध की शिकायत 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर करें।

टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए जनजागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। विभाग के अनुसार समय पर जांच और पूरा उपचार मिलने पर टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। बाल पंजीयकों और सरपंचों को भूमिका इसमें अहम मानी गई है। सरकार टीबी मरीजों को मुफ्त उपचार और पौष्टिक उपलब्ध करा रही है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को टीबी वैक्सीन लगाने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

सीहोर। मध्यप्रदेश शासन ने प्रदेश की सभी प्रकार बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को किराए में 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश जारी किए हैं। यह सुविधा यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर मिलेगी।

खेती-किसानी

शिक्षा विभाग में बड़ा फेरबदल: प्रभारी डीईओ तोमर हटे, देवास भेजे गए

जिले की शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवालों के बीच कार्रवाई, सहायक संचालक दीपा कीर का भी तबादला

क्षेत्र के स्कूल भवनों की मरम्मत के नाम पर फर्जीवाड़ा हुआ

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहे प्रशासन और सरकारी स्कूलों के गिरते शैक्षणिक स्तर को लेकर लगातार उठ रहे सवालों के बीच राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सीहोर के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) संजय सिंह तोमर को हटाकर देवास स्थानांतरित कर दिया है। वहीं सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर का तबादला शाजापुर कर दिया गया है। शासन के इस कदम को शिक्षा विभाग में लंबे समय से जारी शिकायतों राज्य पर कड़े कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

जिले की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त खामियों और बच्चों के भविष्य से हो रहे नुकसान को लेकर लगातार सख्त प्रश्न उठाए किए जा रहे थे। 27 मई को प्रकाशित खबर शिक्षा डीईओ-डीपीओ के भरोसे चौपट हुई सीहोर में पढ़ाई व्यवस्था, 90% के नतीजों में गिरी स्कूल व्यवस्था ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। खबर में बताया गया था कि सरकारी योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद सरकारी स्कूलों का बुनियादी ढांचा स्कूलों की तुलना में लगातार कमजोर होता जा रहा है।

खबरों में यह भी उजागर किया गया था कि मध्यप्रदेश के 55 जिलों में केवल दमोह में ही नियमित जिला शिक्षा अधिकारी पदस्थ है, जबकि सीहोर सहित 54 जिलों में कार्यरत प्रभारी अधिकारियों के भरोसे संचालित हो रही थी। सीहोर में डीईओ और डीपीओ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी प्रभारी अधिकारी कार्यरत थे, जिससे प्रशासनिक जिम्मेदारी और जवाबदेही प्रभावित हो रही थी।

स्कूल शिक्षा विभाग की उप सचिव मंजूषा प्रियदर्शन राय द्वारा जारी आदेश के अनुसार संजय सिंह तोमर को तत्काल मूल पद प्रभारी के रूप में सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिंगनावाई, जिला देवास में पदस्थ किया गया है। वहीं दीपा कीर को शाजापुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही देवास से रामन कटारिया को सीहोर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के रूप में पदस्थ किया गया है।

इस प्रशासनिक कार्रवाई के साथ शिक्षा विभाग में एक और महत्वपूर्ण बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लंबे समय से स्कूलों में पढ़ाने के बजाय कार्यालयों में कार्यरत चल रहे शिक्षकों को उनकी मूल शालाओं में वापस भेजने के निर्देश दिए गए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों को शासन के आदेशों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नए शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

शिक्षा विभाग में हुए इस फेरबदल को जिले की शैक्षणिक व्यवस्था सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब यह देखना होगा कि नए प्रशासनिक बदलावों के बाद सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता, उपस्थिति और मरीक्षा परिणामों में कितना सुधार आता है।

महिला सुरक्षा और लैंगिक समानता पर

डीआर संवाददाता>>सीहोर

बुदनी के सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) में गुरुवार को महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं सामाजिक अपराधों की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूहों, पुलिस विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), ग्रामीण विकास विभाग तथा सहायोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सुरक्षा और सामाजिक अपराधों की रोकथाम के लिए समुदाय एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

बैठक में महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा की रोकथाम, लैंगिक समानता, नशा मुक्ति और महिलाओं की सम्मानजनक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने महिला सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, जागरूकता अभियानों और डायल-112 सेवा की जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों को अपराधशील परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी बताई गई।

कार्यक्रम में एसडीओपी रवि शर्मा, थाना प्रभारी राजेश सारे, दिनेश चौहान सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला सुरक्षा और सामाजिक अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस और स्वयं सहायता समूह संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाएंगे। साथ ही पुलिस की नियमित सक्रियता सीएलएफ बैठकों और ग्राम सभाओं की गतिविधियों में सुनिश्चित की जाएगी।

नियमित टीकाकरण के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

डीआर संवाददाता>>सीहोर

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सेवानिवृत्त सिंह द्वारा सीहोर में नियमित टीकाकरण, आगामी कार्ययोजना, एनपीसी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण, एईएफआई प्रबंधन, पीपीसी सर्विलेंस, प्रसूता एवं बच्चा उन्मूलन सहित अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की उपलब्धियों एवं चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान टीकाकरण कवरेज बढ़ाने, छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की उन्नत योजना बनाने पर विशेष रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के दौरान 01 जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक जिले में किए जा रहे नवाचारों एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई।

सत्र में वर्ष 2026-27 के लिए नियमित टीकाकरण की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए हेल्थ सिस्टम्स सिस्टम्स विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जुन देव की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर की कर्मठ एवं सक्षम सांसद श्री कार्तिकेय पंडित्तरेश्वर शानु जी कुशवाह माता रामराज देवी के तत्वावधान में 45 विकासित सर्वोदय सेवा सुधारेंगे एक प्रयास संस्था, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और रामराज सेना के संयुक्त तत्वावधान में शहर के वीरकुमारियों विना संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में किया जा रहा है। गुरुवार को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई, आगामी दिनों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सप्ताह का समापन होना। सुप्रसिद्ध अंकार पर सहायता संचालक महेश यादव, आई एम अंग्रेजी टीवीओ संस्था के प्रमुख प्रदीप शर्मा, अनुज तिवारी, सचिन गोस्वामी, विजय लक्ष्मी, दीपिका सोलंकी, प्रीति मौर्य, मुकेश राय, सावन गांगरे, मौरल यादव एवं प्रसूल कुमार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूनाजी जयंती, महेश नवमी, गायत्री जयंती, नीलकंठी पंचमी, संत कबीर जयंती के अवसर पर उपरांतिष्ठ जयंती के साथ एक जुलाई को जाजपाल एवं सीर विकास के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्र के संचालक राजुल सिंह, सरकार सेना के प्रमोदी मनोज दीक्षित मान, आयुष गुप्ता, कमलेश राय आदि ने बलिदान और त्याग की नींव पर ही हमारे देश की सुरक्षा और स्वतंत्रता टिकी हुई है। उन्होंने शहादित रानी लक्ष्मी बाई सहर के प्रसंग स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय दिया और खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी के संकल्प के साथ देश के लिए लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवें गुरु, मुगल शासक जहांगीर के अत्याचारों के आगे झुकने से इनकार कर दिया और धर्म व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

17 से 26 जून तक जिलेभर में आयोजित होंगे नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्ति के उद्देश्य से जिले में 17 से 26 जून तक "नशा मुक्त भारत सप्ताह" आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में अनेक नशामुक्ति सहायी जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सीहोर जिला संयोजक नशामुक्ति केंद्र में इस विशेष सप्ताह का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सप्ताह के अंतर्गत जिले के स्कूल कॉलेजों में नशा मुक्ति पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसकी साथ ही जनजागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, ई-शपथ अभियान, युवाओं के लिए परामर्श सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में 26 जून को नशा द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस विशेष सप्ताह का समापन होगा। सुप्रसिद्ध अंकार पर सहायता संचालक महेश यादव, आई एम अंग्रेजी टीवीओ संस्था के प्रमुख प्रदीप शर्मा, अनुज तिवारी, सचिन गोस्वामी, विजय लक्ष्मी, दीपिका सोलंकी, प्रीति मौर्य, मुकेश राय, सावन गांगरे, मौरल यादव एवं प्रसूल कुमार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गिरोह का मास्टरमाइंड फरार

सीहोर। भोपाल की अपराध शिला पुलिस ने करोड़ों रुपए के साईबरफ्राड कर फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय शातिर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 आरोपी सीहोर जिले के दोराहा-इस्लेडा क्षेत्र के हैं। कार्रवाई करीब 7 दिन पहले। गिरोह का मास्टरमाइंड फैजान अब भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार फैजान का गिरोह है। वहर वारदातों से उसका अच्छा सम्पर्क था। उसी ने बाद गिरोह स्थानीय लोगों से ठगी रुपए दिलवाना शुरू किया था। जिन लोगों ने रुपए उधार दिए, वे भी अब इस फर्जीवाड़े में आरोपी साबित हो रहे हैं। भोपाल पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर करीब 3 करोड़ की 20 लग्जरी कारें बरामद की हैं।

विधायक ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां, ग्रामीणों से किया संवाद

डीआर संवाददाता>>आष्टा

आष्टा विधायक सोहाल सिंह इंजीनियर ने भाजपा ठोली मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर के साथ क्षेत्र के दिनेरन गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण राम, भैरूपुर, बरखेड़ा, ठोली, गुजारी, लक्ष्मणपुर और कुरावाड़ा सहित कई गांवों में चौपाल सभाओं में हिस्सा लिया तथा कुछ पेड़ ना ने नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर निर्माणाधीन जलमंडल भवन और अनुमानित आरोग्य केंद्र का निरीक्षण भी किया गया।

ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाना और ऑपरेशन सिंदूर जैसी पहलें सरकार की प्रमुख उपलब्धियां हैं। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन, हर घर नल से जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वास सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, धारा 370 और तीन तलाक की समाप्ति जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया।

विधायक ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

खेती किसानी

किसानों को रेज्ड बेड फरो एवं ब्रॉड बेड फरो पद्धति से सोयाबीन बुवाई

किसानों को रेज्ड बेड फरो एवं ब्रॉड बेड फरो पद्धति से सोयाबीन बुवाई हेतु किया जा रहा जागरूक

डीआर संवाददाता>>सीहोर

आगामी खरीफ मौसम में वर्षा की अनिश्चितता एवं बदलते मौसम के परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को सोयाबीन की बुवाई रेज्ड बेड फरो (रोपक ठमक भनतलु) एवं ब्रॉड बेड फरो (उतपक ठमक भनतलु) पद्धति से करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग के अनुसे द्वारा ग्राम स्तर पर किसानों को इन तकनीकों के लाभों की जानकारी दी जा रही है तथा खेतों पर प्रदर्शन के माध्यम से उनकी उपयोगिता समझाई जा रही है।

कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को बताया जा रहा है कि कभी अत्यधिक वर्षा तो कभी अल्प वर्षा जैसी परिस्थितियों में रेज्ड बेड एवं ब्रॉड बेड फरो तकनीक फसल के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है। अधिक वर्षा होने पर खेत में जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं होती तथा अतिरिक्त पानी नालियों के माध्यम से आसानी से निकल जाता है। वहीं कम वर्षा की स्थिति में नालियों में नमी संरक्षित रहने से फसल को आवश्यक नमी उपलब्ध होती रहती है।

इसी क्रम में मेरुवा विकासखंड के एक प्रगतिशील किसान द्वारा सोयाबीन की बुवाई रेज्ड बेड फरो पद्धति से की गई है। किसान द्वारा इस तकनीक को अपनाकर अन्य कृषकों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। कृषि विभाग द्वारा ऐसे सफल प्रयोगों को किसानों के बीच साझा कर उन्हें आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

रेज्ड बेड पद्धति में फसल को ऊंची क्यारियों पर बोया जाता है तथा दोनों ओर नालियां बनाई जाती हैं, जिससे अतिरिक्त वर्षा जल का तत्काल निकास संभव हो पाता है। वहीं ब्रॉड बेड फरो पद्धति में चौड़े क्यारियों एवं नालियों के माध्यम से जल प्रबंधन बेहतर होता है, जिससे पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त होता है।

कृषि विभाग के अनुसार रेज्ड बेड एवं ब्रॉड बेड फरो तकनीक अपनाने से जलभराव से होने वाली फसल क्षति में कमी आती है, पौधों का विकास बेहतर होता है, उर्वरकों की उपयोग क्षमता बढ़ती है, सिंचाई जल की बचत होती है तथा पानस में रोग एवं कीट प्रकोप की संभावना कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त पौधों की संख्या वृद्धि होने से उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की संभावना भी बढ़ जाती है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे खरीफ मौसम में सोयाबीन की बुवाई वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार रेज्ड बेड फरो अथवा ब्रॉड बेड फरो पद्धति से करें तथा अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी कृषि कार्यालय या कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करें।

जिला कांग्रेस की कमेटियां जल्द बनेंगी अनुशासनहीनता पर होगी कार्रवाई

डीआर संवाददाता>>सीहोर

चामलपुरी के गार्डन में गुरुवार को जिला कांग्रेस की समन्वय समिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मध्य प्रदेश के शहर प्रभारी संजय दत्त रहे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। गुजराती ने कमेटियों का गठन जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। दत्त ने कहा कि समन्वय समिति प्रदेश और जिला कांग्रेस कमेटी के बीच सेतु का काम करती है। संगठन के बिना चुनाव नहीं जीते जा सकते। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र किया। कहा कि वे देशभर में अलग-अलग वर्गों के साथ मिलकर उनकी समस्याएं जोर से उठा रहे हैं। दत्त ने कहा कि संगठन में अनुशासन जरूरी है। अनुशासनहीनता पर कार्रवाई होगी। जिले के प्रभारी जय हरि किरन ने संगठन मजबूत करने पर बात रखी। आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की। बैठक में दिनेश मेघानी, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिला अध्यक्ष बलवीर ठाकुर, एआईसीसी सचिव हरपाल तंवर मौजूद रहे।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष05–2082 | विदिशा, दिन शुक्रवार, दिनांक 19 जून2025

न्यूज गैलरी

आज किसानों–श्रमिकों को मिलेगी सामाजिक सुरक्षा की जानकारी

विदिशा। किसानों, श्रमिकों, घरेलू कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमियों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आज होटल रिवर साइड–इन में जिला स्तरीय एनडीएस संसद आउटरीच कार्यक्रम आयोजित होगा। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण तथा भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के लाभों की जानकारी दी जाएगी। दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में पीएफआरडीए, नाबार्ड, एसएलबीसी, बैंक अधिकारी, एफपीओ प्रतिनिधि और सीएससी वीएलई शामिल होंगे। एलडीएम भगवान सिंह बघेल ने बताया कि 18 से 85 वर्ष आयु के अ्यक्ति योजना से जुड़कर वृद्धावस्था में पेंशन व आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

विदिशा। संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को राज्य शासन की सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा या साक्षात्कार चरण में चयनित अभ्यर्थी प्रोत्साहन राशि के पात्र होंगे। सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित कक्ष क्रमांक 117, भूतल, सम्पोजिट भवन, कलेक्टर कार्यालय विदिशा में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विकास कार्यों का किया निरीक्षण

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जनपद पंचायत बासौदा के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम धनखेड़ी में जनपद आवास योजना के आवासों, आंगनवाड़ी केंद्र तथा उचित मूल्य दुकान का अवलोकन कर हितग्राहियों से चर्चा की। पंचायत भवन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शिकायतों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नल–जल योजना, सीसी रोड निर्माण तथा सिलोटा में पौधरोपण एवं खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत ग्रा के नल–जल्लिया से ग्राम विकासित बनेगा का निरीक्षण किया।

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, निराकरण और जांच की मांग

ईटीएसएम व रोवर मशीन से सीमांकन पर उठाए सवाल, कहा: हैं तकनीकि खामियां

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

भूमि सीमांकन के लिए उपयोग की जा रही रोवर एवं ईटीएसएम मशीनों में सामिल तकनीकी खामियों को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

किसान संघ का कहना है कि प्रदेश में आधुनिक तकनीक के माध्यम से भूमि सीमांकन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। इन खामियों के कारण किसानों को अपनी भूमि की वास्तविक सीमाओं को लेकर भ्रम और विवाद की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि ऑनलाइन नक्शों और कार्टोग्राफिक पटवारी नक्शा शीट में कई स्थानों पर अंतर पाया जा रहा है। कई मामलों की सीमाएं एक–दूसरे से ओवरलैप दिखाई दे रही हैं, जिसके कारण सीमांकन के दौरान किसानों की जमीन

दूसरे गांव के क्षेत्र में दर्ज होने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। नदी और नालों के किनारे स्थित खेतों में भी सीमांकन कार्य के दौरान विशेष कठिनाइयां सामने आ रही हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि कई क्षेत्रों में जीपीएस सिग्नल कमजोर रहने और नक्शों में तकनीकी त्रुटियां होने के कारण सीमांकन की शुद्धता प्रभावित हो रही है।

सेटेलाइट आधारित गिरदावरी में भी ऑनलाइन नक्शों की गलतियों के कारण किसानों को कभी दूसरे खाते में दर्ज दिखाया जाता है, कभी कम बोई गई फसल को खाली खेत के रूप में दर्ज कर दिया जाता है, जिससे फसल गंजीयन एवं विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लेने में किसानों को परेशानी होती है।

भारतीय किसान संघ के नेता श्री दीपक शर्मा के अनुसार संघ ने यह भी कहा कि एकड़ी किसान एवं पर प्रदर्शित सीमांकन भी कई बार वास्तविक स्थिति से भिन्न दिखाई देता है। किसान खरी के आधार पर अपनी भूमि की सीमा समझते हैं, जिससे आपसी विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और नेटवर्क की कमी के कारण सीमांकन कार्य प्रभावित होता है, वहीं मशीन संचालन करने वाले कर्मचारियों के पर्याप्त प्रशिक्षण के अभाव में भी गलत सीमांकन की शिकायतें बढ़ रही हैं।

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि जब तक पूरे प्रदेश में नवीन बंदोबस्त कर ऑनलाइन नक्शों का पटवारी नक्शा शीट से मिलान और सुधार नहीं हो जाता, तब तक केवल नवीन आधारित सीमांकन प्रक्रिया पर निर्भरता न रखी जाए। साथ ही मांगों में स्थायी पिलर स्थापित कर जमीनों के आधार पर सीमांकन करने की व्यवस्था लागू की जाए।

किसानों की मांगें

नवीन आधारित सीमांकन प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

ऑनलाइन एवं पटवारी नक्शों का मिलान कर त्रुटियों का सुधार किया जाए।

गांवों में स्थायी सीमांकन पिलर स्थापित किए जाए।

सेवर एवं ईटीएसएम तकनीक के साथ परंपरागत सीमांकन पद्धति का समन्वय किया जाए।

पूर्ण सुधार होने तक केवल नवीन आधारित सीमांकन पर रोक लगाई जाए।

उठाए अन्य मुद्दे

खरीफ सीजन को देखते हुए डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता की जाए।

किसानों को प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाए।

फसल पंजीयन और गिरदावरी में आ रही त्रुटियों को दूर किया जाए ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

जमीन विवाद में न्याय की मांग को लेकर युवक पिंड भरकर पहुंचा एसपी कार्यालय

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले की कुरवाई तहसील में जमीन विवाद से परेशान एक युवक ने गुरुवार को अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। कुरवाई निवासी गजेंद्र दांगी न्याय की मांग को लेकर पिंड भरकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से मांगते से निष्पक्ष कार्रवाई की गुहार लगाई।

गजेंद्र दांगी का आरोप है कि उनकी कृषि भूमि पर कुछ दबंगों ने कब्जा करने की कोशिश की और उन्हें खेती करने से रोक दिया। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। मामले पर एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों की ओर से प्रकरण दर्ज हैं। पूरे मामले की जांच कुरवाई एसडीओपी को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लोगों ने उनके घर में तोड़फोड़ की और आगजनी की घटना को अंजाम दिया। साथ ही उनके खिलाफ एससी–एसटी एक्ट के तहत झूठा मामला दर्ज कराया गया। गजेंद्र का कहना है कि उनके पास जमीन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं और निष्पक्ष जांच होने पर सच्चाई सामने आ जाएगी।

पुलिस और प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं होने से नाराज गजेंद्र दांगी ने पिंड भरकर अपना विरोध जताया और अधिकारियों से न्याय की मांग की। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। मामले पर एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों की ओर से प्रकरण दर्ज हैं। पूरे मामले की जांच कुरवाई एसडीओपी को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

रानी लक्ष्मीबाई के वंशजों का होगा सम्मान

विदिशा। महारानी लक्ष्मीबाई के वंशज पुत्र दामोदर राव की पांचवीं पीढ़ी के वंशज श्रीमंत योगेश राव नेवालकर तथा रानी के शिष्यवंशज पुत्र मोहम्मद के वंशज डॉ. कवीम खान का विदिशा शहर के नगरवासियों द्वारा सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम 20 जून शनिवार की शाम 7:30 बजे पेड़ी मौसूद स्थित महाराष्ट्र भवन में आयोजित होगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

पति- पत्नि के आधार पर अटैचमेंट और पदस्थापना में अनियमितताओं के आरोप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के स्वास्थ्य विभाग में साल ही में लगी तबादला सूची को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। 15 जून को जारी सूची में नर्सिंग ऑफिसर, एनपीडब्ल्यू, एएनएम, वॉचमैन, पेड–3 स्वीपरों और एमपीएस स्टाफ 30 से 40 कर्मचारियों के प्रशासनिक एवं मेडिकल आधार पर तबादले किए गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि तबादला प्रक्रिया पूरे एक आपत्तियां सामने आई हैं।

जानकारी के अनुसार जिन कर्मचारियों के खिलाफ कोई शिकायत या प्रशासनिक आवश्यकता नहीं थी, उनका भी प्रशासनिक आधार पर तबादला कर दिया गया। कई कर्मचारी विभिन्न कार्यालयों में अटैच अधिकारी और कर्मचारी तब भी अपने पुराने स्थानों पर कार्यरत हैं। वहीं–वहीं एक साथ रहने के आधार पर गोपाल तबादले का आवेदन करने वाले एमपीडब्ल्यू दर्शी सिलरिया को विदिशा से लगभग 130 किलोमीटर दूर लटेरी क्षेत्र के ग्राम रुसलसेंगाहू भेज दिया गया। इसी तरह अन्य कर्मचारियों के तबादलों को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। विभाग में नियम विरुद्ध अटैचमेंट के आरोप भी लगे हैं। जिला अस्पताल में नेत्र सहायक के पद पर पदस्थ प्रदीप अहिरवार को सीएमएचओ कार्यालय में स्थापना शाखा का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कई ऑपरेटर और कर्मचारियों को मूल पदस्थापना से इतर अन्य कार्यालयों में अटैच किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं।

मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गंजबासौदा में मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर मोहर्रम कमेटी ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा, साफ–सफाई और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। कमेटी अध्यक्ष नदीम पठान ने बताया कि इस वर्ष मोहर्रम 21 जून से 28 जून 2025 तक मनाया जाएगा।

ज्ञापन में ताजियों और सवारियों के मार्गों पर विशेष सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा पुलिस बल तैनात करने की मांग की गई है। कमेटी ने 26 जून को गांधी चौक और बेगम कस्बा क्षेत्र में विशेष पुलिस व्यवस्था करने का आग्रह किया है। साथ ही ताजिया विसर्जन के दौरान बेगम कस्बा पर तैराक गोताखोरों की तैनाती की मांग भी रखी गई।

गंजबासौदा में इस वर्ष कुल 9 ताजिये निकाले जाएंगे, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों से छतरगंज निर्धारित मार्गों से गुजरेंगे। कमेटी ने पर्व के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन के लिए प्रशासन से आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

मॉर्निंग वॉक पर निकली सहेलियों से चेन स्नैचिंग, विरोध पर चाकू से हमला

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली कुसुम महिला निर्मला गोयल चेन स्नैचिंग की घटना का शिकार हो गई। सुबह करीब 6 बजे वह अपनी सहेली के साथ टहलकर लौट रही थीं, तभी रामगंगा मिठाई की दुकान के पास एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने उनके निशाने बनाया।

महिला के अनुसार, एक युवक पीछे से आया और

उनकी आंखें बंद कर देने से सोने की चेन खींचने लगा। निर्मला गोयल ने हिम्मत दिखाते हुए चेन पकड़ ली और शोर मचाकर विरोध किया। इस दौरान बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। विरोध बढ़ने पर एक आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई।

छीना–झपटी में सोने की चेन बीच से टूट गई। जबकि एक हिस्सा महिला के पास रह गया, जबकि आरोपी बाकी चेन लेकर फरार हो गए। इसके बाद तीनों बदमाश एक्टिवा से मौके से भाग निकले। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़िता के परिजनों ने विदिशा लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

हाईली स्किल्ड घोषित प्रशिक्षकों ने वेतनमान बढ़ाने की मांग उठाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के व्यवसायिक प्रशिक्षकों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वेतनमान और अन्य सुविधाओं में वृद्धि की मांग की। नवीन व्यवसायिक शिक्षा–प्रशिक्षक महासंघ के अनुसार, राज्य शासन ने 30 अप्रैल 2026 को सभी राज्यस्तर के व्यवसायिक प्रशिक्षकों को "उच्च कुशल" (हाईली स्किल्ड) श्रेणी में

शामिल किया है, लेकिन उसी अभी तक इस श्रेणी के अनुरूप वेतन और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। प्रशिक्षकों ने मांग की है कि उनका मासिक वेतनमान 38 हजार से 42 हजार रुपए के बीच निर्धारित किया जाए। साथ ही महंगाई को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष न्यूनतम 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रावधान किया जाए। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में उन्हें आर्थिक असमानता का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट पदोन्नति नीति लागू करने, तकनीकी भत्ता, ईपीएफ, ईएसआई, सरकारी आवास और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। महासंघ का कहना है कि जिले के लगभग 129 व्यावसायिक प्रशिक्षक पिछले 10 वर्षों से शासकीय विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं और विद्यार्थियों को योजनानुसार कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए उनकी योजनों के अनुरूप वेतन और सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए।

गांवों का भ्रमण कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को बासौदा विकासखंड के विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण कर जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया।

जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को बासौदा विकासखंड के विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण कर जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में उन नागरिकों की सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए, जिनकी समग्र ई–केवाईसी, फार्मर आईडी

अथवा अन्य आवश्यक जानकारी लंबित है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों की जानकारी समय पर अपडेट हो सके और वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कलेक्टर ने शामिल क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम में "आपदा मित्र" तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को बी–1 का नियमित वाचन कराने तथा समयसीमा के तहत निर्धारित प्रशासकीय परिस्थितियों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि पट्टा प्राप्त हितग्राहियों के कब्जे और वास्तविक स्थिति का सत्यापन सुनिश्चित करने को भी कहा।

जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और मार्ग–सफाई से जुड़ी समस्याएं कलेक्टर के सामने रखीं। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए और कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई शुरू कराई।

ग्राम जनकोई में कलेक्टर ने पंचायत द्वारा संचालित किए जाने वाले मॉस प्रशुल रजिस्टरों का निरीक्षण कर अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री, एसडीएम, एसडीएम अनूप जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला और खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाई करने का भरोसा दिलाया।

शमशाबाद नवोदय विद्यालय में 3 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के शमशाबाद स्थित पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार से न ा ि न ए ा इलेक्ट्रिशियन–कम–फिटर कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय इंडक्शन कोर्स का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 18 से 20 जून तक नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्मती ट्(जा) विदिशा के प्रोफेसर सुधीर शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने की। इस दौरान उपप्राचार्य विनोद कुमार तिवारी और मनीष दत्त मिश्रा भी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न नवोदय विद्यालयों से

आए 28 नवनियुक्त कर्मचारी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को तकनीकी दक्षता, आधुनिक उपकरणों के उपयोग, सुरक्षा मानकों, नवोदय की बाबर्य संस्कृति और आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्य अतिथि ने संस्थानों में प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

वहीं प्राचार्य ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने और विद्यार्थियों की सुरक्षा व सुविधाओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन पीजीटी गणित राजेश शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अभिलाश भारद्वाज ने किया।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ शुक्ल पक्षा 05- 2082 | राजगढ, दिन शुक्रवार,दिनांक 19 जून, 2025

न्यूज गैलरी

मालीपुरा में नए ने लगाया लोक कल्याण शिविर

सुसनेर। मालीपुरा में गुरुवार दोपहर नगर परिषद द्वारा तीसरे लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित शिविर का उद्देश्य आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा। इस दौरान वार्ड के नागरिकों से सीएम स्वनिधि, विभिन्न पेंशन योजनाओं तथा नवीन नल कनेक्शन से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

मालीपुरा में नए ने लगाया लोक कल्याण शिविर

सुसनेर। मालीपुरा में गुरुवार दोपहर नगर परिषद द्वारा तीसरे लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित शिविर का उद्देश्य आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा। इस दौरान वार्ड के नागरिकों से सीएम स्वनिधि, विभिन्न पेंशन योजनाओं तथा नवीन नल कनेक्शन से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

हरिनगर क०लोनी में बनेगी सीसी रोड

सुसनेर। वार्ड क्रमांक 10 स्थित हरिनगर कॉलोनी में गुरुवार दोपहर विधायक मिथि के बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। करीब 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क के लिए राशि विधायक मेवसिंह परिहार द्वारा स्वीकृत की गई है। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, विधायक प्रतिनिधि राजा मिलनजन सिंह, दीपक राठौर, मांगीलाल सोनी एवं विष्णु प्रसाद पाटीदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलने की उम्मीद जताई।

मोहनपुरा डैम 41: भरा, अभी नहीं शुरू हुई आवक

राजगढ। व्यापी-मानसून बारिश के बावजूद मोहनपुरा डैम में अभी पानी की आवक शुरू नहीं हुई है। गुरुवार सुबह 8 बजे की स्थिति में डैम का जलस्तर 41.64 प्रतिशत दर्ज किया गया। डैम का जलस्तर 390.70 मीटर पर स्थिर है, जबकि पूर्ण जलभराव स्तर 396 मीटर है। डैम में फिलहाल में 252.94 एमसीएम पानी संचित है। पिछले 24 घंटे में 3.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि कुल वर्षा 408 मिमी पहुंच गई है। हालांकि जलाशय में हलचल और आवाजाही दोनों शून्य हैं तथा सभी रेडियल गेट बंद हैं।

दो छात्राओं का नवोदय स्कूल में चयन

पचौरी। मॉडलस्कूलकालीन हाई स्कूल खानपुरा की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय सुसनेरी में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए चयन किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिजनों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा कविता पापी पुत्री प्रेमनारायण बागी ने जवाहर नवोदय विद्यालय के साथ-साथ सुवर-100 योजना में भी उनका चयन हुआ है। कविता ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया था। वहीं मुस्कान पुत्री भूर सिंह गुर्जर निवासी करनपुरा का भी जवाहर नवोदय विद्यालय

आजीविका मिशन घोटाला: जांच के बाद मिशन के उपायुक्त ने एफआईआर की अनुशंसा

तबादले के 6 साल बाद... जिला प्रबंधक के हस्ताक्षर से 90 लाख का लेनदेन, 5 अन्य की भूमिका संदिग्ध

डीआर संवाददाता ▪ गुनाराजगढ़

वित्त जिला प्रबंधक का तबादला और आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा समाप्त होगी

गुना जिले में राज्य शासित आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के तहत सामने आई 90.25 लाख रुपए की वित्तीय विसंगति के मामले में जांच अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। राज्य स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कार्यादेश राज्य शासित आजीविका मिशन ने कलेक्टर गुना को पत्र भेजकर एफआईआर दर्ज कराने और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की है। मामला राजगढ़ से भी संबंधित है, क्योंकि जांच रिपोर्ट में वर्तमान में राजगढ़ जिला पंचायत में मूल्यांकन एवं अनुश्रवण के जिला प्रबंधक पद पर पदस्थ विष्णु सिंह पंवार का भी उल्लेख किया गया है।

राज्य शासित आजीविका मिशन के उपायुक्त (वित्त) ने 16 जून को जारी पत्र में बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को जिला मिशनों के बाद राज्य स्तरीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी, जिसमें कई गंभीर बिंदुओं पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

11 फरवरी 2019 को राजगढ किया गया था प्रबंधक विष्णु सिंह का तबादला

जांच रिपोर्ट का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि तत्कालीन प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक विष्णु सिंह पंवार का स्थानांतरण 11 फरवरी 2019 को राजगढ़ हो गया था, लेकिन इसके बाद भी संबंधित बैंक खाते में उनके हस्ताक्षरों से लेन-देन होते रहने का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस स्थिति में पंजाब नेशनल बैंक की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है, क्योंकि किसी अधिकारी के स्थानांतरण के बाद भी पुराने हस्ताक्षरों के आधार पर वित्तीय लेन-देन जारी रहना सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। जांच समिति ने ये भी कहा है कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर होने वाली वीएलसीबी और वीएलसीसी बैठकों शामिल पिनिक्स सावरणी कर्मचारियों से बैंक अधिकारियों और जिला परियोजना प्रबंधकों की मिलीभगत सामने आती है। बैंक को अधिकारियों के स्थानांतरण की जानकारी नहीं होने या तर्क स्वीकार्य नहीं माना जा सकता।

एफआईआर दर्ज कर आपराधिक जांच कराने की सिफारिश

राज्य स्तरीय जांच समिति ने मामले को केवल वित्तीय लापरवाही नहीं माना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभावित महिला शासकीय धन की अपहरण-धोखाधड़ी, फर्जी विवरण अभिलेखित और फोरकाड़ी से जुड़ा प्रतीत होता है। इसी आधार पर कलेक्टर गुना के माध्यम से एफआईआर दर्ज कर विस्तृत आपराधिक जांच कराने की अनुशंसा की गई है। एक में ये भी कहा गया है कि पंजाब नेशनल बैंक के संबंधित खाते में पहुंची राशि किन खातों से आई, किन खातों में स्थानांतरित हुई और किसकी स्वीकृति से भुगतान किए गए, इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाए। साथ ही खाते से निकाली गई पूरी राशि का विवरण भी खुलवाने को कहा गया है।

फ्रॉड कैसे . . . मई में 90. 25 लाख की विसंगति हुई थी

बता दें कि मई माह में लोकेशन और एकीकृत पोर्टल के आंकड़ों के मिलान के दौरान हुआ शिकायतकर्ता के अधिकार परिवार से पूछे खाते में 90.25 लाख रुपए की वित्तीय विसंगति सामने आई थी। प्रारंभिक जांच में पुष्टि होने के बाद मामला राज्य स्तर तक पहुंचा। मामले में जांच का दायरा बढ़ने का वित्तीय अनियमितता की सीमा और अधिक होने की आशंका के मद्देनजर राज्य स्तरीय जांच समिति ने मामले को केवल वित्तीय लापरवाही नहीं माना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभावित महिला शासकीय धन की अपहरण-धोखाधड़ी, फर्जी विवरण अभिलेखित और फोरकाड़ी से जुड़ा प्रतीत होता है। इसी आधार पर कलेक्टर गुना के माध्यम से एफआईआर दर्ज कर विस्तृत आपराधिक जांच कराने की अनुशंसा की गई है। एक में ये भी कहा गया है कि पंजाब नेशनल बैंक के संबंधित खाते में पहुंची राशि किन खातों से आई, किन खातों में स्थानांतरित हुई और किसकी स्वीकृति से भुगतान किए गए, इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाए। साथ ही खाते से निकाली गई पूरी राशि का विवरण भी खुलवाने को कहा गया है।

फ्रॉड कैसे . . . मई में 90. 25 लाख की विसंगति हुई थी

बता दें कि मई माह में लोकेशन और एकीकृत पोर्टल के आंकड़ों के मिलान के दौरान हुआ शिकायतकर्ता के अधिकार परिवार से पूछे खाते में 90.25 लाख रुपए की वित्तीय विसंगति सामने आई थी। प्रारंभिक जांच में पुष्टि होने के बाद मामला राज्य स्तर तक पहुंचा। मामले में जांच का दायरा बढ़ने का वित्तीय अनियमितता की सीमा और अधिक होने की आशंका के मद्देनजर राज्य स्तरीय जांच समिति ने मामले को केवल वित्तीय लापरवाही नहीं माना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभावित महिला शासकीय धन की अपहरण-धोखाधड़ी, फर्जी विवरण अभिलेखित और फोरकाड़ी से जुड़ा प्रतीत होता है। इसी आधार पर कलेक्टर गुना के माध्यम से एफआईआर दर्ज कर विस्तृत आपराधिक जांच कराने की अनुशंसा की गई है। एक में ये भी कहा गया है कि पंजाब नेशनल बैंक के संबंधित खाते में पहुंची राशि किन खातों से आई, किन खातों में स्थानांतरित हुई और किसकी स्वीकृति से भुगतान किए गए, इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाए। साथ ही खाते से निकाली गई पूरी राशि का विवरण भी खुलवाने को कहा गया है।

मोहर्रम जुलूस में डीजे विवाद, पुलिस ने तीन डीजे जब्त किए

डीआर संवाददाता ▪ सारंगपुर

सारंगपुर में गोहरंग जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर बुधवार रात विवाद की स्थिति बन गई। हिंदू उत्सव समिति ने बिना अनुमति डीजे संचालन और ध्वनि प्रदूषण नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। समिति का कहना था कि मंगलवार रात से मोहर्रम कार्यक्रम में कई डीजे संचालित किए जा रहे थे और बुधवार रात भी तेज आवाज में डीजे बजाए गए, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भव्य मल्हा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि प्रशासनिक नियम सभी धार्मिक और सामाजिक आयोजनों पर समान रूप से लागू होने चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी।

सूचना मिलने पर एसडीएम रोहित बघेरा, एसडीओपी अजमेर सिंह और थाना प्रभारी सहित स्थानीय नौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी शिकायतें सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन डीजे जब्त कर लिए तथा जुलूस संचालकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

प्रशासन के आश्वासन और कार्रवाई के बाद हिंदू उत्सव समिति ने धरना समाप्त कर दिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान थाना परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। मामले की जांच जारी है और नगर में इस घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है।

यातायात जाम और अतिक्रमण के विरोध में बजपा नेता का अनोखा प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा

ब्यावरा में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी (बजपा) के जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह वर्मा ने शहर की बदहाल व्यवस्था, अतिक्रमण और यातायात समस्या के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने देवी मंदिर के सामने अपनी कार सड़क के बीचों-बीच खड़ी कर दी और वहीं बैठ गए। इस दौरान वे कुछ ही मिनटों में सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार, रघुवीर सिंह वर्मा एसी रोड से गुजर रहे थे। उनका आरोप है कि सड़क किनारे गुमटियों के बाहर रखे बोर्ड, अतिक्रमण और अव्यवस्थित तरीके से खड़े दोपहिया वाहनों के कारण सड़क संकरी हो गई है। इसी दौरान उनकी कार सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। घटना से नाराज होकर उन्होंने विरोध स्वरूप कार सड़क पर खड़ी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शन के चलते सुजलिया बायपास रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिसमें स्कूली वाहनों, यात्रियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वर्मा ने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों, विशेषकर ओल्ड एबी रोड पर लंबे समय से अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला।

सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उन्हें समझाइश दी और यातायात बाधित करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। संबंधित विभागों से समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद कार को सड़क से हटाया गया और यातायात सामान्य हो सका।

एनएच-52 पर हादसे में पैदल यात्री की मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ

राजगढ़ जिले के पचोर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-52 स्थित बिलपुरा मोड़ स्थित स्टेट पर गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामनारायण निवासी लखन गुर्जर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह करीब 9 बजे सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि वहीं मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने शव उठाने से इनकार करते हुए हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि बिलपुरा मोड़ लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र बना हुआ है, लेकिन अब तक स्थायी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं।

प्रदर्शन के कारण हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाइश दी। ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर, उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था, चेतावनी संकेतक और सुरक्षित क्रॉसिंग की मांग की है।

खानपुरा में दो घरों में चोरी, लाखों के जेवर और नकदी ले गए बदमाश

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा

ब्यावरा सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुरा में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाया। लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पहली घटना सोमवार, तीन के बाद की है। जहां चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी व संदूक के ताले तोड़कर घर में रखे सोने की अंगूठियां, एक सोने का मंगलसूत्र, करीब एक किलो चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये नकद सहित लगभग 4 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने महावीरगढ़ रोड के सूने मकान को निशाना बनाया। परिवार के बाहर स्थान बदलने के लिए बाहर होने का फायदा उठाकर बदमाश 20 हजार रुपये नगद, एक सोने की अंगूठी और अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। यहां से करीब 1.5 लाख रुपये के सामान की चोरी होने का अनुमान है। सूचना पर पुलिस, डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे। धार्मिक जांच में बदमाशों के ताले तोड़कर चोरी किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण प्रदर्शनी, महिलाओं और बच्चों को दिया सुपोषण

डीआर संवाददाता ▪ सारंगपुर

सारंगपुर के ग्राम आनन्दखेड़ी केंद्र में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी और पुनर्जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और किशोरियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में हरी सब्जियां, मौसमी फल, मोटे अनाज (मिलेट्स), दालें और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई। महिलाओं को बताया गया कि घर में उपलब्ध सामग्री से भी पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। साथ ही स्तनपान, खाद्य पदार्थों की शुद्धता, सफाई और घर के बने भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई।

महिला पर्यवेक्षक सोनू बैरागी ने कुपोषण की रोकथाम और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में संतुलित आहार की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता संस्कार का संदेश देते हुए शौचालय की शिक्षा गया। महिलाओं और बच्चों ने पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

शिविर जनकल्याण शिविर में कम रही लोगों की भागीदारी

मंत्री गौतम टेटवाल ने गांव-गांव पहुंचकर सुनी समस्याएं

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ

सारंगपुर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के पहले दो दिनों में अपेक्षा से कम लोगों की भागीदारी देखने को मिली। 98 पंचायत क्षेत्रों के लगभग 195 गांवों के लिए लगाए गए इस शिविर में दो दिनों के दौरान केवल 502 हितग्राही ही पहुंच सके। स्थिति को देखते हुए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार रात अधिकारियों के साथ 10 गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई।

सारंगपुर कृषि उपज मंडी में 16 जून से शुरू हुए शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल निगम सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। दो दिनों में कृषि विभाग ने 117 फार्मर आईडी और 94 ई-केवाईसी पंजीयन किए, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने 185 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 54 बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना तथा 158 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री वंदना योजना का लाभ प्रदान किया।

कम उपस्थिति को देखते हुए मंत्री गौतम टेटवाल, एसडीएम रोहित बघेरा, एसडीओपी अजमेर सिंह और अन्य अधिकारी कुंडलवास, हुरनपुर, निहाना, टीकोद, सिंगोर, जाटा डैडी, अनुपी, बनी और कोठियाडोली सहित कई गांवों में पहुंचे। रात्रि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किए गए और कई मामलों में मौके पर ही समाधान शुरू करवाई गई।

मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर के दौरान किसानों को फार्मर आईडी, ई-केवाईसी, खाद वितरण व्यवस्था और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। वहीं राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा विद्युत विभाग ने भी विभिन्न योजनाओं और सेवाओं से जुड़ी जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी मांगें रखीं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही राम कुड़ालाल के प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार की घोषणा से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

मारुति कार को बचाने में कंटेनर-ट्रेलर की भिड़ंत, यातायात प्रभावित

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र में गुरुवार को एनएच-52 पर ओंकारेश्वर मंदिर के पास कंटेनर और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार दिल्ली से नागौरी ओटो पार्टस लेकर नागपुर जा रहा कंटेनर (एन 55 ए 1498) अचानक सामने आई एक मारुति कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे ट्रेलर (एम 21 एक 7629) से टकरा गया।

ट्रेलर भोपाल से बरेला लेकर राजस्थान के भायल जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर आड़े खड़े हो गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

हादसे में एक बालक के सिर में हल्की चोट आई, जबकि दोनों चालक गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया।